NAVODAYA TIMES
नवोदय टाइम्स

नोएडा में मेट्रो चलाने की तैयारियां पूरी

- केंद्र से निर्देश मिलते ही शुरू कर दी जाएगी सेवा
- प्रवेश और निकासी की अलग अलग व्यवस्था

नोएडा, 16 मई (नवोदय टाइम्स): नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच अगले सप्ताह से मेट्रो चलाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एनएमआरसी अधिकारियों ने एक्वा लाइन पर स्थित स्टेशनों और मेट्रो ट्रेन से जुड़ी व्यवस्थाएं देखीं और कहा कि सभी तैयारियां पूरी हैं और केन्द्र सरकार से निर्देश मिलते ही मेट्रो सेवा शुरू कर दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार लॉकडाउन-4 के तहत मेट्रो के चलने को मंजूरी मिलने की संभावना दिख रही है। इस संभावना को देखते हुए डीएमआरसी के साथ-साथ एनएमआरसी ने भी मेट्रो चलाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

एनएमआरसी अफसरों का कहना है कि शुक्रवार को बैठक कर अधिकारियों ने स्टेशन और मेट्रो कोच के अंदर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मेट्रो और स्टेशनों पर सवारियों के बीच एक निश्चित दूरी बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके लिए हर स्टेशन, प्लेटफार्म और कोच में करीब 10 कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा जिससे कोविड-19 से बचाव के सोशल डिस्टेन्सिंग और अन्य नियमों का पालन हो सके। अफसरों का कहना है कि इस लाइन पर 21 स्टेशन हैं जिनमें से भीड़भाड़ वाले 6 स्टेशन पर 1 गेट से निकासी और दूसरे गेट से प्रवेश की सुविधा है। अन्य 15 स्टेशनों पर एक ही गेट से प्रवेश ओर निकास की व्यवस्था होगी। स्टेशन के बाहर से ही लाइन लगवाकर लोगों को अंदर टोकन काउंटर तक आने दिया जाएगा।

एक कोच में 50 लोग कर सकेंगे सफर

एक कोच में 40 से 50 लोग ही सफर कर सकेंगे। अभी एक कोच में 120 सवारी के सफर की क्षमता है। लॉकडाउन के बाद अब एक कोच में 30 से 40 प्रतिशत सवारी को प्रवेश करने दिया जाएगा यानि एक कोच में 40 से 50 लोग ही सफर कर सकेंगे। एक-एक सीट छोड़कर यात्रियों को बैठाया जाएगा और खड़े होनी वाली सवारियों में भी दूरी बनाकर रखी जाएगी।